नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक सम्पन्न

"हिंदी एक मजबूत संपर्क भाषा है- श्री जुगल कुमार बोरा

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय, संबलपुर में दिनांक 24.11.2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक श्री जुगल कुमार बोरा, निदेशक तकनीकी (संचालन) एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं असम के निवासी हैं और हिंदीतर भाषी हैं और हिंदी में पढ़ाई भी बहुत कम किए हैं, परन्तु हिंदी भाषी राज्यों में पदस्थापना होने के कारण वे हिंदी में कार्यालयीन कार्य में सक्षम हैं। भारत के गैर हिंदीतर राज्य जैसे अरुणाचल प्रदेश, जहां दो सौ से अधिक भाषाएं बोली जाती है, वहां भी हिंदी का वर्चस्व देखने को मिलता है। हमें हिंदी में अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य करने हेतु कार्मिकों को प्रोत्साहित कराना चाहिए ताकि अधिक से अधिक कार्य हिंदी कर सके। उन्होंने अपनी विगत लंदन यात्रा का जिक्र करते हेतु कहा कि सेमिनार में भारतीय समुदाय के लोग उपस्थित थे, जिसमें एक भारतीय प्रतिनिधि ने अपना संबोधन हिंदी में दिया तो पूरी हॉल तालियों से गूंज उठा और उनकी बहुत प्रशंसा हुई।

उन्होने आगे कहा कि बैठक में आप सभी की बहुतायत उपस्थिति ही राजभाषा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम सभी हिंदी में एक दूसरे से वार्तालाप करके हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना सहयोग दे रहे हैं, जो कि सराहनीय प्रयास है। राजभाषा हिंदी हमें आपस में जोड़ती है। विभिन्न भाषा-भाषियों के देश में हिंदी एक मजबूत संपर्क भाषा है। उन्होंने गृह मंत्रालय, भारत सरकार से नराकास, संबलपुर को प्राप्त प्रथम पुरस्कार पर सभी सदस्य कार्यालय को हार्दिक बधाई दी तथा आगे बेहतर कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया।

बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक(राजभाषा)/सदस्य सचिव, नराकास,संबलपुर ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि नराकास, संबलपुर को गृह मंत्रालय की ओर से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसके लिए आप सभी को हार्दिक बधाई। ये पुरस्कार आप सभी के मेहनत और सहयोग से प्राप्त हुआ है। हमें इसे आगे बरकरार रखना होगा, जिसके लिए हम सभी को एकसाथ मिलकर कार्य करना होगा। किसी भी कार्यालय को राजभाषा के कार्यान्वयन में कुछ समस्या होंगी तो हम सभी मिल कर उसका समाधान करेंगे।

बैठक में श्री संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, श्री मनमोहन स्वांई, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्री अजीत कुमार मेहेर, मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैक, श्री अजीत कुमार जग्गा, सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन कार्यों में वृद्धि लाने का सुझाव दिए।

बैठक में अध्यक्ष महोदय के कर कमलों ये वर्ष 2022-23 के दौरान बेहतर राजभाषा कर्यान्वयन के लिए चयनित सदस्य कार्यालयों को “नराकास राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार” एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।
बैठक के दौरान केनरा बैंक की गृह पत्रिका ‘’पश्चिमांचल विभा” का विमोचन उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया।
बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की भूमिका सराहनीय रही।

MCL
श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद

जागृति विहार,
श्री जुगल कुमार बोरा

MCL

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की

MCL
श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद
श्री जुगल कुमार बोरा

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की
श्री भरत कुमार ए.वाई.